सार-समाचार

## भंडार की शेष राशि की गिनती



**मंडफिया**, (निसं)। भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में गत 26 अगस्त चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती मंदिर बोर्ड अध्यक्ष भेरुलाल गुर्जर की उपस्थिति में हुई। मंदिर बोर्ड अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि सोमवार को तीसरे चरण में हुई गिनती में 80 लाख 20 हजार 500 रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व दो चरणों में हुई गिनती में 5 करोड़ 20 लाख 26 हजार 500 रुपए प्राप्त हुए थे। अध्यक्ष गुर्जर ने बताया तीनों चरणों को मिलाकर कुल 6 करोड़ 47 लाख रुपए नगद प्राप्त हुए। अध्यक्ष गुर्जर ने बताया कि अभी छोटे बड़े नोटों एवं रेजगारी की गणना एवं सोने - चांदी का तोल होना शेष है। भंडार गिनती के समय मंदिर बोर्ड सदस्य भेरू लाल सोनी, अशोक कुमार शर्मा, संजय कुमार मंडोवरा प्रशासनिक अधिकारी कैलाश चंद्र दाधीच, केशियर नंदकिशोर टेलर, कार्मिक प्रभारी लेहरी लाल गाडरी, अशोक तिवारी, गजेंद्र गौड़, कांठोस युवा नेता सुरेश चंद्र गुर्जर, मंदिर के सहायक कर्मी राजमल बारेठ सहित बैंक स्टाफ एवं मंदिर कर्मचारी उपस्थित थे।

## श्मशान जाने के लिए रास्ता नहीं

**भीम**, (निसं)।भीम उपखंड के कुकड़ा ठााम पंचायत के अंतर्गत खेड़ा निवासी दुर्गादेवी पति उमसिंह की लंबी बीमारी के चलते मौत हो गई। दुर्गादेवी का शव को मुख्य सड़क से शमशान घाट तक के जाने के लिए पगडंडी रास्ते से होते हुए कड़ी मशक्कत के बाद मुख्य सड़क तक पहुंचना पड़ा ऐसे में ग्राम पंचायत कुकड़ा के सरपंच पर भी सवाल खड़े होते हैं कि दो बार सरपंच बनने के बाद भी रास्ता नही बना सके। ग्रामीणों का कहना है कि खेड़ा में किसी की भी मौत हो जाती हैं तो शमशान जाने के लिए रास्ता तक नहीं है।मंगलवार को सैकड़ों लोग अंतिम संस्कार में शामिल हुए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पंचायत समिति सदस्य अनीता देवी , उमरावसिंह रावत आदि ने बताया कि गांव के लोग ने पूर्व में ठााम पंचायत को रास्ते के लिए प्रस्ताव भेजा हुआ अंतिम यात्रा में पगडंडी रास्ते में कंटीली झाड़ियों एंव घांस-फूस के बीच में होते हुए श्मशान घाट तक पहुंचे अंतिम यात्रा में शामिल हुए लोगों अपना बचाव करते हुए और डर सताते हुए कि कहीं सांप काट ना दे उसके बाद दुर्गादेवी का अंतिम संस्कार किया।

## तेजाजी मेले को लेकर तैयारियां शुरू

**भीम**, (कासं)। कस्बे के पाटिया स्थित लोक देवता वीर तेजाजी महाराज मेले को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। सरपंच यशोदा कवंर, पूर्व सरपंच अमरसिंह ठााम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार भांवरिया, धीरसिंह मीणा आज दिन शुक्रवार को मेला ग्राउंड में व्यवस्थाओं को लेकर निरीक्षण किया। ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार भांवरिया ने बताया कि वीर तेजाजी महाराज मेला जागरण 31 अगस्त को रात्रि में विशाल भजन संध्या एवं रात्रि जागरण तथा 1 सितंबर को मेले का आयोजन किया जाएगा। पूर्व सरपंच अमर सिंह ने बताया कि मेले का उद्घाटन 31 अगस्त शाम को सुदर्शनसिंह रावत के सानिध्य में किया जाएगा।मेले में ब्रेक डांस झूला ,बड़ी नाव, आकाशीय झूला, डॉलर चकरी, मौत का कुआं ,ट्रेन सफारी, मनिहारी सामान की दुकाने, मिठाई चाट पकौड़ी आइसक्रीम, आदि की दुकानें लगना प्रारंभ हो गई है।मेला आयोजन को लेकर दुकानदारों एवं मेलार्थियो के लिए पेयजल, बिजली सड़क मार्ग तथा दुकानदारों को दुकानों लगाने हेतु भूखंड उपलब्ध कराने को लेकर विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है । सरपंच यशोदा कंवर ने बताया कि वीर तेजाजी तीन दिवसीय मेला पाटिया ठााउंड भीम मे विशाल रात्रि जागरण एवं भजन संध्या 31-082022 बुधवार को तथा मेला आयोजन 01-09-2022 से 02-09-2022तक होगा। मेला आयोजन ग्राम पंचायत भीम के सानिध्य में होगा। ब्लॉक कांठोस कमेटी अध्यक्ष पूर्व सरपंच अमरसिंह ने बताया कि मेले का उद्घाटन 31 अगस्त शाम को 6:00 बजे विधायक सुदर्शनसिंह रावत के मुख्य अतिथि तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता भीम सरपंच यशोदा कंवर विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य तारा देवी एवं सरपंच संघ ब्लॉक भीम अध्यक्ष विशंभर कृष्ण सिंह आदि के सानिध्य में होगा।

## तहसील अध्यक्ष बने मेनारिया

**कानोड़**, (निसं)। विप्र फाउंडेशन जोन ए के प्रदेश अध्यक्ष केके शर्मा के निर्देशानुसार जिला अध्यक्ष केशव व्यास व महासचिव प्रेम शंकर रामावत देहात पूर्वी तहसील कानोड़ के लिए लोकेश मेनारिया (खेताखेड़ा) को अध्यक्ष मनोनीत किया है। साथ ही महासचिव के लिए मुकेश व्यास ब्रह्मपुरी (कानोड़) व चंद्रशेखर श्रीमाली (नई बावड़ी कानोड़) की घोषणा की गई है। कार्यकारिणी घोषणा करने के साथ ही विप्र फाउंडेशन द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के उत्थान के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार कर लाभान्वित करने का प्रयास करने का संकल्प किया गया। विप्र समाज को जोड़कर मजबूती देने का सहयोग कार्यकारिणी द्वारा किया जाएगा। साथ ही नवनियुक्त पदाधिकारी द्वारा जल्द ही तहसील की कार्यकारिणी की घोषणा की जाएगी।

## प्राध्यापक निलंबित

**भीम**, (निसं)। कस्बे के राजकीय आदर्श उच्च माध्यमिक विद्यालय भीम के एक प्राध्यापक जीवनसिंह द्वारा छात्रा से अश्लील वार्ता का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले में शिक्षा विभाग ने प्राध्यापक जीवनसिंह को निलंबित किया है। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भीम के जीवनसिंह प्राध्यापक जीव विज्ञान के द्वारा स्कूली छात्रा से सरकारी छात्रावास में शराब पीकर अश्लील हरकतें की है। फोन पर की गई वार्ता का ऑडियो पूरे भीम ब्लॉक एवं सोशल मीडिया पर वायरल होने से आमजन एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों में आक्रोश व्याप्त है। बताया कि मामले को गंभीरता से देखते हुए है। राजस्थान सेवा अधिनियम1958 नियम 13 के तहत तत्काल रुप से निलंबित किया जाकर निलंबन काल के दौरान मुख्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा बीकानेर किया गया।

## 50 लाख की शराब पकड़ी


**डूंगरपुर**, (निसं)। बिछीवाडा थाना पुलिस ने शराब तस्करी के खिलाफ बडी कार्रवाई की है। पुलिस ने प्लास्टिक कट्टों में छुपाकर तस्करी हो रही 50 लाख की अंग्रेजी शराब पकड़ी है। आरोपी अवैध शराब की गुजरात तस्करी कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान शराब तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। फिलहाल पुलिस की टीम तस्कर की तलाश कर रही है। थानाधिकारी रणजीत सिंह ने बताया कि मुखबीर द्वारा सूचना मिली की एक ट्रक से अवैध शराब की तस्करी हो रही है। इस पर पुलिस टीम ने राजस्थान-गुजरात के रतनपुर बॉर्डर पर नाकाबंदी कर वाहनों को तलाशी ली। इस दौरान एक ट्रक उदयपुर की ओर से आया। जिसे टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस को ट्रक का चालक उतरकर भाग गया। पुलिस ने ट्रक का तिरपाल हटाकर देखा तो प्लास्टिक कट्टों के अंदर पंजाब निर्मित अंग्रेजी शराब की पेटियां भरी थी। पुलिस ने ट्रक को जब्त करते हुए चौकी में खडा करवाया है। शराब की पेटियों को ट्रक से उतारकर गिनती की गई तो उसमें 575 कार्टन बरामद हुए। थानाधिकारी ने बताया कि पकडी शराब की कीमत करीब 5० लाख रूपये आंकी गई है।

## उपखंड स्तरीय बैठक आयोजित

**देवगढ़**, (कासं)। उपखंड क्षेत्र में गोवंश में तीव्रगति से फेल रही लम्पि वायरस नामक महामारी को लेकर महाराणा प्रताप सभागार में उपखंड अधिकारी चंद्रप्रकाश वर्मा,तहसीलदार मुकंद सिंह,विकासअधिकारी दौलतराम,नगर पालिका अध्यक्ष शोभालाल रैगर की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई।बैठक के दौरान उपखंड अधिकारी वर्मा ने कहा कि गोवंश में फेल रही लम्पि वायरस के बचाव एवं रोकथाम को लेकर क्षेत्र में स्थापित गोशाला प्रतिनिधि,ठााम पंचायत सरपंच एवं प्रतिनिधि मंडल के साथ बैठक आयोजित की गई।

# गौरव पथ पर खड्डे व उड़ती धूल से लोग हो रहे परेशान

**कानोड़**, (निसं)। नगर के होमाखारी से पुलिस थाने के आगे तक बीते दो वर्ष में निर्माणाधीन गौरव पथ समयावधि से पूर्व ही टूटकर बिखर जाने से परेशान नगरवासियों ने मंगलवार को पालिकाध्यक्ष चंदा मीणा को ज्ञापन सौपकर अविलंब गौरव पथ को नहीं सुधारने पर पालिका के बाहर धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है।




पुलिस थाने के पास बदहाल अवस्था में गौरव पथ।

मंगलवार को दिए ज्ञापन में बताया कि शनिदेव मंदिर के पास सहित पथ पर जगह-जगह गहरे खड्डे हो गए है, जिनमें इन दिनो बारिश का पानी भरने से खड्डो का पता ही नही चलता ओर वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहा है। वहीं वाहन निकलने के समय आमजन के साथ स्कुली छात्रों को वहा से गुजरना जोखीम भरा हो गया है। वाहन के निकलने के समय सडक़ से गुजरते स्कुली छात्र किचड के पानी के शिकार हो रहे है। वहीं सडक़ की बिखरी कंकरिट के साथ धूल का गुब्बार सडक़ के पास रहने वाले वाशिंदो , व्यापारियों व राहगिरों के लिए भी आफत बना हुआ है ।

तय समय से पूर्व सडक़ के बुरी तरह से टुट जाने के बावजूद न तो जिम्मेंदार प्रशासन ध्यान दे रहा है न ही जनप्रतिनिधि तो ठेकेदार राजनीतिक के चलते मौन दिख रहा है। जिसकी सजा आमजन को भुगतनी पड़ रही है। ज्ञापन में कस्बावासियों ने पालिकाध्यक्ष को चेतावनी दी है कि अगर जल्द गौरवपथ को नहीं सुधारा गया तो वह पालिका के बाहर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस दौरान रमेश चन्द्र, मंगल कंठालिया, अनिल तंबोली, प्रतिक, गोपाल तंबोली, रामनारायण , दिलिप तंबोली, जगदीश, अमित श्रीमाली, किशन, बंशीलाल , किशनलाल सुथार, अंकेक्ष धींग, भगवती लाल सुथार, राजकुमार, अशोक जारोली , दयाल सुथार, निर्मला, सहित कस्बावासी मौजूद रहे। पालिकाध्यक्ष ने कस्बावासियों को जल्द गौरवपथ सुधारने का भरोसा दिलाया है लेकिन यह सुधार कब तक होगा कहना मुश्किल लग रहा है।

# वॉलीबाल में छात्राओं व क्रिकेट में मादडी गोवलिया छात्रों ने मारी बाजी

**राजसमन्द**, (निसं)। जिला मुख्यालय कांकरोली स्थित बालकृष्ण स्टेडियम में आयोजित राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेलों के तहत मंगलवार को हुए टेनिस क्रिकेट के मैच में कक्षा 7 के खिलाडी युवराज सिंह छ: चौके लगाकार मैन ऑफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। पंचायत शिक्षा अधिकारी गिरिराज शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत स्तर की ग्रामीण ओलम्पिक खेलकूद प्रतियोगिता में प्रथम दिवस सायंकालीन सत्र में महिलाओं की वॉलीबाल प्रतियोगिता में मुण्डोल बनाम मादडी गोवलिया टीम के बीच हुए मैच में मुण्डोल टीम 2-1 से विजयी रही। पीटीआई धर्मेन्द्र गुर्जर ने बताया कि बालकृष्ण स्टेडियम में मादडी गोवलिया बनाम मुण्डोल के बीच हुए मुकाबले में निर्धारित 10 ओवर में मादडी गोवलिया टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए मुण्डोल टीम को 50 रन का लक्ष्य दिया। जिसके खिलाफ मैदान में उतरी मुण्डोल टीम मात्र 31 रन पर ही सिमट गई। मैच के दौरान कक्षा 7 का खिलाडी युवराजसिंह आकर्षण का केन्द्र रहा। जिसने बिना नॉट ऑउट हुए 6 चौके लगाकर 30 रन देते हुए मैन ऑफ द मैच रहा। निर्णायक के रूप में राजेन्द्र प्रसाद आचार्य, विनोद शर्मा, जयश्री ठाकुर, ईशाक मोहम्मद रहे। मुण्डोल टीम कप्तान नरेश पालीवाल के नेतृत्व में नरेश बुनकर, दिपेश पालीवाल, गोपाल सेन, नरेश जोशी, शिवलाल चौधरी, देवनारायण जोशी व मादडी गोवलिया टीम कप्तान कुलदीप सिंह के नेतृत्व में लोकेन्द्र सिंह, युवराज सिंह, देवीसिंह, रिद्धिराज सिंह, शिवराज सिंह, रजत सिंह, परमवीर सिंह और राजवीर सिंह ने अपनी टीम को जीत का सेहरा बंधाया।



बालकृष्ण स्टेडियम में आयोजित खो-खो प्रतियोगिता में एक दूसरे से परिचय लेती खिलाड़ी बालिकाएं।

ओलम्पिक प्रतियोगिता में खो-खो में टीम ए ने बी को हराया : जिला मुख्यालय के समीपवर्ती मोही ग्राम पंचायत के राजकीय नंदलाल जोशी उमावि में चल रही राजीव गांधी ग्रामीण ओलंपिक खेलकूद प्रतियोगिता के दूसरे दिन मंगलवार को खो-खो के बालिका वर्ग में टीम ए ने टीम बी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में टीम ए ने टॉस जीतकर पहले मैदान का निर्णय लिया। बी टीम की दूसरी पारी भी आल आउट हो गई। जवाब में पहली पारी को भी आउट नहीं कर पाई।

## ज्ञापन सौंपा

**मावली**, (निसं)। कस्बे में आज अधिवक्ताओं ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा ज्ञापन में बताया कि हमारे साथी अधिवक्ता एवम घड़साना बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्री विजय सिंह झोरड़ के आकस्मिक दुखद निधन पर बार एसोसिएशन, मावली के कार्यकारिणी सदस्यों के द्वारा सर्वसम्मति से यह प्रस्ताव लिया गया कि बार एसोसिएशन, मावली इस दुखद घटना की घोर निन्दा करती हैं तथा राज्य सरकार से मांग करती हैं की अधिवक्ता को झूठे मुकदमे में फसाए जाने एवं उनको मानसिक रूप से प्रताड़ित किए जाने कि इस घटना के जिम्मेदार सभी अधिकारी व कर्मचारियों को तुरंत प्रभाव से निलंबित किया जाकर, गिरफ्तार किया जाए एव सभी अधिवक्ता सदस्यो ने स्व श्री विजय सिंह जी झोरड को श्रद्धांजलि स्वरूप तथा दोषी अधिकारियों की गिरफ्तारी की मांग स्वरूप मंगलवार को न्यायिक कार्य स्थगित रखा।

# कटारिया के फिर बिगड़े बोल

**उदयपुर**, (का.सं)। मंगलवार को यहां सम्पन्न प्रतिमा अनावरण समारोह में उदबोधन के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता गुलाबचन्द कटारिया की जबान एक बार फिर फिसल गई और एक नया विवाद खड़ा हो गया।

गौरतलब है कि कटारिया अपने विवादित बयानों के लिए हमेशा ही चर्चित रहे है। महाराणा प्रताप पर उनके द्वारा की गई एक टिप्पणी से राजपूत समुदाय का एक तबका अभी तक नाराज चल रहा है और इसी नाराजगी को दूर करने के लिए कटारिया ने राजनाथ सिंह के माध्यम से प्रतिमा का अनावरण करवाने का फैसला किया था। केन्द्रीय मंत्री राजनाथ सिंह को इस समारोह में आमंत्रित करने के चक्कर में यह प्रतिमा का अनावरण समारोह तीन बार स्थगित हुआ। दरअसल कटारिया की सियासी चाल के तहत प्रतिमा अनावरण किसी कद्दावर राजपूत नेता से करवा कर पार्टी से रूठे राजपूतों को फिर से मनाना था वहीं केन्द्रीय मंत्री कृष्णपाल के माध्यम से क्षेत्र के गुर्जर मतदाताओं में सेंध लगाना था।

इन दो उद्देश्यों में वे सफल हुए या नहीं यह तो वक्त तय करेगा, लेकिन अपने बिगड़े बोल से उन्होंने वारी समाज को नाराज कर दिया। उदय सिंह को सुरक्षित बचाकर किले से बाहर भेजने वाले तीरथ वारी के लिए कटारिया ने नितांत अशिष्ट भाषा का उपयोग किया जो आज लोकतंत्र में असहनीय है। उनके बिगड़े बोल मुंह से निकलते ही वहां मौजूद वारी समाज के लोग, इतिहासकार और कुछ राजपूत भी नाराज हो गए। कटारिया के इस बिगड़े बोल की सर्वत्र निंदा की जा रही है। अशिष्ट संबोधन से आहत वहां मौजूद वारी समाज के कुछ लोगों ने यह मामला कोर्ट में ले जाने की भी चेतावनी दी। आगे क्या होगा यह भविष्य की गर्त में है लेकिन कटारिया ने अपने बिगड़े बोल से भाजपा के लिए एक और नई समस्या खड़ी कर दी है। इधर, आयोजन को लेकर भीड़ जुटाने के भी प्रयास हुए। गांवों के अतिरिक्त शहरी कार्यकर्ताओं को भी कार्यक्रम स्थल तक पहुंचाने के लिए बसों की व्यवस्था की गई। समारोह में लगभग दस हजार से अधिक कार्यकर्ता शामिल हुए जो राजनाथ सिंह के संबोधन के बीच जय एकलिंगनाथ के नारे लगाते रहे।इधर, जिस राजपूत समाज को मनाने के प्रयास किए जा रहे थे उस राजवंश का कोई भी प्रतिनिधि इस अवसर पर उपस्थित नहीं था। समारोह स्थल पर महाराणा उदय सिंह के वंशज को भी इस समारोह में नहीं बुलाने की चर्चा जोरों पर रही।पुलिस प्रशासन भी कार्यक्रम को लेकर सतर्क रहा। किसी काले वस्त्रधारी को समारोह परिसर में प्रवेश नहीं दिया गया। ऐसी आशंका व्यक्त की गई थी कि कुछ लोग समारोह में खलल डाल सकते है।

# दस दिवसीय गणेश महोत्सव का आगाज आज से

**राजसमन्द**, (निसं)। जिला मुख्यालय के राजनगर स्थित मंशापूर्ण महागणाधिपति गणेश मंदिर में गणेश चतुर्थी को लेकर सभी तैयारिया पूरी कर ली गई है। कोरोना काल के दो साल बाद पुन: बडे स्तर पर आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में खासा उत्साह देखने को मिला है। पूरे मंदिर को आकर्षक फूलों से सजाया गया है। मंदिर के बाहर विशेष विद्युत व टेंट का आकर्षक पाण्डाल व स्वागत द्वारा बनाए गए।

मंदिर के पूजारी पंडित गोपाल श्रोत्रिय के अनुसार गणेश चतुर्थी के अवसर पर सुबह के समय दूध, दही, घी, शहद, शरकरा व पंचामृत से स्नान कराया जाएंगा। उसके बाद गणेश अथर्वषीर्ष पाठ सहित वेदिक मंत्रोचार के साथ अभिषेक को पूरा किया जाएंगा। संध्या काल में महागणपति की महाआरती के साथ लडडू का भोग लगाया जाएगा। गणेश चतुर्थी से आगामी पांच दिनों तक मंदिर में विशेष फूलों से श्रृंगार झांकिया सजाई जाती है जहां दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की विशेष भीड लगी रहती है। इधर, नगर परिषद के तत्वावधान में राजनगर अरविन्द स्टेडियम में आयोजित पांच दिवसीय गणेश चतुर्थी पर्व का आगाज बुधवार को गणपति स्थापना के साथ होगा। आयोजन की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सभापति अशोक टांक ने बताया कि बुधवार दोपहर बाद राजनगर नया बस स्टेण्ड क्षेत्र से मृण शिल्प से तैयार भगवान गणेश की प्रतिमा गाजे-बाजे के साथ स्टेडियम लाई जाएगी। महोत्सव स्थल पर संध्या वेला में प्रतिमा स्थपित कर पूजा-अर्चना व आरती होगी। इसके बाद रात्रिकालीन कार्यक्रम के तहत रात्रि में मेवाड के प्रसिद्ध लोक नृत्य गवरी का मंचन होगा।



गणेश चतुर्थी को लेकर सौ फीट रोड पर बिक्री के लिए रखी गई गणेश प्रतिमाएं।

सार-समाचार

## फरार इनामी वारण्टी गिरफ्तार



**कपासन**, (निसं)। कपासन थाना पुलिस ने लूट के मामले में वांछित पिछले 4 सालों से फरार ईनामी अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी थाना स्तर के टॉप10 वांछित अपराधियों की सूची में शामिल था। पुलिस अधीक्षक श्री राजन दुष्यंत के अनुसार थाना कपासन के लूट एवं राज्यकार्य में बाधा के एक प्रकरण में पिछले चार सालो से फरार चल रहे अपराधी नारायण कंजर की गिरफतारी पर 500 रूपये का ईनाम घोषित किया हुआ था। अभियुक्त की काफी समय से तलाश की जा रही थी। सोमवार को मूखबीर द्वारा सूचना मिली की उक्त स्थाई वारंटी अपने घर पर आया हुआ है । जिस पर थानाधिकारी कपासन फूलचन्द पुलिस निरीक्षक द्वारा गठित टीम हैड कानि तेजमल, कॉन्स्टेबल दिनेश चौधरी, गजेंद्र व सुरेश द्वारा नारायण कंजर के घर पर दबिश दी तो मौके से आरोपी पुलिस जाब्ता को देखकर भागने लगा। जिसका जाब्ता द्वारा पिछा कर ईनामी व वांछित अपराधी मेवदा कॉलोनी, कपासन निवासी 37 वर्षीय नारायण पुत्र प्रेमा कंजर को गिरफतार कर न्यायालय मे पेश किया गया।

## आत्महत्या का प्रयास करने का मामला

**उदयपुर**, (कासं)। शहर के प्रतापनगर थाना पुलिस ने ट्रांसपोर्ट व्यवसायी के खिलाफ विषाक्त वस्तु सेवन कर आत्महत्या का प्रयास करने का मामला दर्ज किया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार हेडकांस्टेबल अमरसिंह पुत्र भेरूसिंह ने ट्रांसपोर्ट व्यवसायी सीकर हॉल भवानी ट्रांसपोर्ट देबारी निवासी कैलाशचन्द्र पुत्र शंकरलाल के खिलाफ विषाक्त वस्तु सेवन करने का प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें उसने बताया कि आरोपी ने 21 अगस्त को विषाक्त वस्तु का सेवन कर लिया था। जिसे परिजनों ने उपचार के लिए चिकित्सालय में भर्ती करवाया था। जिसके ठीक होने के बाद पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। इस मामले में कैलाश की जेब से मिले सुसाईट नोट में गुजरात में स्थित दो पेट्रोप पंप मालिकों को डीजल का भुगतान करने के बावजूद बकाया रूपये बता वसूली के लिए धमकाने पर आत्महत्या करने की बात लिखी है। पूछताछ में पता चला कि कैलाश टर्बो ट्रको का गुजरात में कारोबार था। जहां पर दो पेट्रोलपंप से वाहनों में डीजल भरवाता एवं दस पन्द्रह दिन बाद उसका भुगतान कर दिया करता था। पेट्रोलपंप मालिकों द्वारा परेशान करने पर कैलाश ने पेट्रोलपंपों का बकाया भुगतान करने के बाद गुजरात से कारोबार हटा अपना कार्यालय देबारी में खोल दिया। इसके बावजूद आरोप आए दिन फोन कर बकाया रूपये की मांग कर धमकी दिया करते थे। इससे परेशान होकर आत्महत्या करने के लिए विषाक्त सेवन करने की जानकारी सामने आई है। प्रकरण की जांच हेडकांस्टेबल भारतसिंह कर रहे है।

## सीएम गहलोत आज लगेतखेडा में

**भीम/राजसमन्द**, (निसं)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बुधवार को दोपहर 2 बजे जिले में भीम उपखण्ड के लगेतखेडा में राजीव गांधी ग्रामीण ऑलम्पिक प्रतियोगिता के समापन समारोह में भाग लेंगें। सीएम के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर जिला कलक्टर निलाभ सक्सेना, एसपी सुधीर चौधरी, सीईओ जिप उत्साह चौधरी, एएसपी शिवलाल बैरवा, एसीईओ भुवनेश्वरसिंह चौहान ने विधायक सुदर्शनसिंह रावत के साथ समारोह स्थल बाबा रामदेव मन्दिर बोर की तलाई हथुण लगेतखेडा का निरीक्षण कर एसडीएम उम्मेदसिंह, सीओ राजेन्द्र सिंह आदि को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एडीएम रामचरण शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत बुधवार को निमाज जैतारण से दोपहर 2 बजे हवाई मार्ग से प्रस्थान कर 2:30 बजे लगेतखेडा पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर विधायक सुदर्शनसिंह रावत ने कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को अधिकाधिक जनसमूह के साथ समारोह में शामिल होने को लेकर बैठक ली। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष पूर्व सरपंच अमरसिंह, प्रभुदयाल नागर, धन्नालाल सेन, भूपेन्द्र सिंह सहित अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## शराब के नशे में की मां की हत्या

**देवगढ़**, (निसं)। देवगढ़ थाना क्षेत्र के लाखागुड़ा गांव के नाबरी गांव में एक शराबी किशोर सिंह पुत्र मांगू सिंह ने शराब के नशे में शराब के लिए और पैसे मांगने पर मां द्वारा पैसे नहीं देने को लेकर कुल्हाड़ी से उसके सिर पर दे मारी जिससे वह गंभीर घायल हो गई जहां उपचार के लिए उदयपुर रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। देवगढ़ पुलिस थाना अधिकारी शैतान सिंह नाथावत ने बताया कि प्रार्थी नवल सिंह पिता मांगू सिंह ने रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि 27 अगस्त और रात को लगभग 10:30 बजे मां दीपा देवी, और नवल सिंह और सबसे छोटा बेटा बलवीर सिंह खाना खाकर बैठे थे इतने में मंझला भाई किशोर सिंह शराब के नशे में आया और मां से शराब के लिए और पैसे मांगने लगे जिस पर मैंने उसे उलाहना दिया और पैसे नहीं दिए तो गुस्से में आकर किशोर सिंह ने कमरे के बाहर लटक रही कुल्हाड़ी से मां के सिर पर दे मारी जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गई। घटना के दौरान बीच-बचाव करने पर नहीं माना और मौके से फरार हो गया। घायल मां को उपचार के लिए उदयपुर रेफर किया गया जो इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देशन में देवगढ़ थाना अधिकारी शैतान सिंह नाथावत ने हत्या के मामले में धारा 302 के तहत मामला दर्ज कर एक टीम का गठन किया जिसमें प्रताप सिंह, कमल कुमार, उमेश ,गुलजार सिंह और सुरेश कुमार को सम्मिलित किया।

## ग्रामीण डाक सेवक नीरज सम्मानित

**राजसमन्द**, (निसं)। भारतीय डाक विभाग की ओर से गुरु गोविन्द सिंह उमावि में आयोजित सम्मान समारोह में देलवाडा पोस्ट ऑफिस के ग्रामीण डाक सेवक नीरज कुमार आमेटा को सम्मानित किया। मुख्य अतिथि उदयपुर मण्डल के प्रवर अधीक्षक केके बुनकर, विभागीय अधिकारी शाहनवाज हुसैन ने डाक विभाग की सेवाओं के बेहतर संचालन के लिए कार्मिकों को सम्मानित किया। नीरज कुमार आमेटा ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग विभाग कार्यों का सुचारू संचालन करते हुए घर-घर जाकर ग्रामीणों को डाक विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में जागरूक करते है और सीईएलसी, एईपीएस, आईपीपीबी और सुकन्या खाते खोलने संबधी आदि विभागीय कार्यो का बखूबी संपादन करते हुए ग्रामीणों में विश्वास बनाए हुए है। आमेटा की इस उपलब्धि पर कांकरोली डाकघर प्रभारी तिलकेशचंद्र शर्मा व आईपीपी के वरिष्ठ प्रबंधक मनीष सुहालका सहित स्टाफ ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा

**कपासन**, (निसं)। कपासन बार एसोसिएशन ने घडसाना बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष की आत्महत्या के मामले को लेकर मंगलवार को कार्यों का बहिष्कार किया व मामले की जांच करवाकर दोषियों को कड़ी सजा दिलवाने की मांग को लेकर जुलूस निकालकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा कपासन बार एसोसिएशन अध्यक्ष लक्ष्मी लाल जाट के नेतृत्व में मंगलवार को उक्त मामले को लेकर न्यायिक कार्यों का बहिष्कार किया और न्यायालय परिसर में शोक सभा आयोजित क घडसाना के पूर्व बार अध्यक्ष विजय सिंह झोरड को श्रद्धांजलि अर्पित की गई इसके बाद न्यायालय परिसर से सभी सदस्य जुलूस के रूप में नारेबाजी करते हुए उपखंड कार्यालय पहुंचे वहां तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा।

## दस लक्षणीय पर्व आज से

**डूंगरपुर**, (निसं)। दिगम्बर जैन समाज के दस दिवसीय पर्युषण महापर्व को लेकर शहर के घाटी स्थित मामा-भानजा मंदिर, फौज का बडला स्थित उण्डा मंदिर, घुमटा बाजार स्थित कोटडिया मंदिर, हाउसींग बोर्ड स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर,न्यू कॉलोनी स्थित महावीर दिगम्बर जैन चैत्यालय, बैकर्स स्टीट स्थित पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर तथा सुरपुर स्थित दिगम्बर मंदिरों को आकर्षक रूप से सजाया गया है जहां बुधवार से विविध धार्मिक अनुष्ठानों को आयोजन किया जायेगा।